अमर उजाला
नई दिल्ली | बृहस्पतिवार, 30 मई 2019

एक्वा लाइन : 27 मई को 19 हजार लोगों ने किया सफर

6 लाख रुपये के राजस्व की हुई प्राप्ति

यात्रियों की संख्या का बना रिकॉर्ड

नोएडा। नोएडा-ग्रेनो के बीच 27 मई को एक्वा लाइन मेट्रो पर सर्वाधिक सफर करने वाले यात्रियों के रूप में रिकॉर्ड किया गया। इस दिन 19,413 यात्रियों ने मेट्रो की सवारी की। यही नहीं इस दिन सबसे ज्यादा 5,80,285 रुपये के राजस्व की प्राप्ति हुई। हालांकि पिछले पांच महीने का औसत राइडरशिप 13,317 है।

एनएमआरसी की ओर से 26 जनवरी से 28 मई तक करीब चार माह का रिपोर्ट कार्ड जारी किया गया है। इसमें बताया गया कि अब तक एनएमआरसी को मेट्रो से 4.77 करोड़ रुपये के राजस्व की प्राप्ति हुई है। शुरुआती आंकड़ा एक करोड़ रुपये प्रति माह का था। इसी तरह से अब तक इस लाइन पर 16.38 लाख लोगों ने सवारी की है। वहीं, अब तक 20,221 स्मार्ट कार्ड की बिक्री हुई है। रिपोर्ट में बताया गया कि 11.67 लाख क्यूआर टिकटों की बिक्री हुई है। इनका प्रतिशत 71.80 रहा। सबसे ज्यादा राइडरशिप वाले स्टेशनों में सेक्टर-51 पर रोजाना 4048 यात्री, परी चौक पर 1707, एनएसईजेड पर 982, सेक्टर-142 पर 906 और सेक्टर-76 पर 809 यात्रियों ने औसतन सफर किया। इसी तरह से रोजाना औसतन सबसे कम राइडरशिप वाले स्टेशनों में सेक्टर-147 पर 20, सेक्टर-145 पर 23, सेक्टर-144 पर 36, सेक्टर-146 पर 36 और सेक्टर-148 पर 140 यात्रियों ने सफर किया। सबसे ज्यादा राजस्व वाले स्टेशनों में सेक्टर-51, परी चौक, नॉलेज पार्क, सेक्टर-142 और एनएसईजेड शामिल हैं।

यीडा की बोर्ड बैठक आज, फैसला संभव

जेवर तक मेट्रो व स्मार्ट गांवों के प्रस्ताव पर भी होगी चर्चा

ग्रेटर नोएडा। यीडा की बोर्ड बैठक में बृहस्पतिवार को यमुना प्राधिकरण के 2019-20 के बजट पर मुहर लगेगी। सुबह करीब 11 बजे से शुरू होने वाली बैठक की अध्यक्षता यीडा के चेयरमैन आलोक टंडन करेंगे। बैठक में यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसों को रोकने के लिए होने वाले कामों का पैसा यात्रियों से लेने की तैयारी है। इसके लिए टोल दरें बढ़ाने का प्रस्ताव रख जाएगा।

बता दें, कि आईआईटी दिल्ली ने हाइवे पर हादसे रोकने के लिए कई उपाय सुझाए हैं। इन उपायों पर होने वाले खर्च को यात्रियों से वसूला जाएगा। इसके लिए 10 से 20 पैसे प्रति किलोमीटर तक टोल दरें बढ़ाई जा सकती हैं। बोर्ड बैठक में जेवर मेट्रो की डीपीआर भी रखी जाएगी। बोर्ड से मंजूरी के बाद इसे शासन को भेजा जाएगा, ताकि आगे की कार्रवाई हो सके। जेवर एयरपोर्ट के साथ ही मेट्रो का भी निर्माण कार्य करने की योजना है। इसलिए इस पर काम तेजी के साथ शुरू कर दिया गया है। आंवटियों से संबंधित भी कई प्रस्ताव रखे जाने की उम्मीद है। यमुना प्राधिकरण जमीनों की दरें भी बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। इसका प्रस्ताव बोर्ड बैठक में आ सकता है। इसके अलावा पांच गांवों को स्मार्ट बनाया जाना है। इस पर आने वाले खर्च की मंजूरी के लिए बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। ब्यूरो